>

Title: Regarding implementation of Advocate Protection Act in the country.

श्री महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ । अधिवक्तागण हमारे समाज में प्रबुद्ध वर्ग है । हमारे अधिवक्तागण ने देश की आज़ादी में भी अहम भूमिका निभाई थी ।

अधिवक्ता भारतीय न्याय व्यवस्था का भी एक महत्वपूर्ण अंग है और न्यायपालिका को न्याय दान प्रदान करने में अधिवक्तागण सहयोग करते हैं । आजकल मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में अधिवक्ताओं के विरुद्ध कई प्रकार के अपराध हो रहे हैं और उन पर हमले हो रहे हैं । इससे अधिवक्तागण अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनम्र अपील करता हूँ कि अधिवक्तागण की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट प्रभावी रूप से लागू किया जाए, जिससे अधिवक्तागण अपने आपको सुरक्षित महसूस करें । वे न्याय व्यवस्था में न्याय दान प्रदान करने में मदद करें और निर्भीकता से अपने कार्य को सम्पादित कर सकें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Mahendra Singh Solanky.